प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

06 अगस्त 2021

वर्ष 2020-21 के दौरान निजी कॉर्पोरेट कारोबार क्षेत्र का कार्यनिष्पादन

आज रिज़र्व बैंक ने वर्ष 2020-21 के दौरान निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र के कार्यनिष्पादन से संबंधित आंकड़े जारी किए जो 3,049 सूचीबद्ध गैर -सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों (एनजीएनएफ) के संक्षिप्त वित्तीय परिणामों से लिए गए हैं। वर्ष 2019-20 के आंकड़े भी तुलना करने के लिए सारणियों में प्रस्तुत किए गए हैं। इन आंकड़ों को https://dbie.rbi.org.in/DBIE/dbie.rbi?site=statistics#!2_42 पर प्राप्त किया जा सकता है।

विशेष

बिक्री

- कोविड-19 महामारी ने देश के भीतर विभिन्न प्रदेशों को अलग-अलग तीव्रता, प्रसार और अवधि के साथ प्रभावित किया; आर्थिक क्षेत्रों पर इसका प्रभाव भी अलग-अलग दिखा, जिसके कारण निजी कारपोरेट क्षेत्र के कार्यनिष्पादन में वृहद अंतर वर्ष उतार-चढ़ाव आए।

- विनिर्माण क्षेत्र की सूचीबद्ध निजी कंपनियों ने 2020-21 की पहली, दूसरी, तीसरी और चौथी तिमाहियों में क्रमशः (-) 41.1 प्रतिशत, (-) 4.3 प्रतिशत, (-) 7.4 प्रतिशत और 31.0 प्रतिशत की वृहद असमान बिक्री वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) दर्ज़ की है।

- 1,830 विनिर्माण कंपनियों की बिक्री में 2.8 प्रतिशत का संकुचन 2020-21 के दौरान (वर्ष-दर-वर्ष) हुआ है, जो पिछले वर्ष के 7.4 प्रतिशत के संकुचन के ऊपर है (सारणी 2ए)।

- पेट्रोलियम, मोटर वाहन, मशीनरी, टेक्सटाइल्स, पेपर और कांच कंपनियों ने वर्ष के दौरान बड़ी गिरावट दर्ज़ की है, जबकि खाद्य, धातु, रसायन, फार्मास्युटिकल्स और सीमेंट क्षेत्र की कंपनियों की बिक्री में सुधार हुआ है (सारणी 5ए)।

- महामारी के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी (आइटी) क्षेत्र की कंपनियाँ मज़बूती से खड़ी रहीं और 2020-21 के दौरान उन्होंने अपनी बिक्री में 4.4 प्रतिशत से बढ़त की (सारणी 2ए)।

- कांटैक्ट इनटेन्सिव क्षेत्रों (अर्थात परिवहन, आतिथ्य) में अत्यधिक मंदी के चलते 2020-21 के दौरान गैर- आइटी सेवा कंपनियों की बिक्री में (-) 14.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज़ हुई, तथापि दूरसंचार कंपनियों की बिक्री बढ़ी (सारणी 2ए और सारणी 5ए)।

व्यय

- वर्ष के दौरान उत्पादन संबंधी गतिविधियों में मंदी के कारण विनिर्माण कंपनियों के द्वारा कच्चा माल पर किया गया व्यय कम हुआ (सारणी 2ए)।
- विनिर्माण और गैर- आइटी सेवा कंपनियों के लिए स्टाफ लागत में कमी आई जबकि आइटी सेवा क्षेत्र की कंपनियों की स्टाफ लागत निरंतर बढ़ती रही क्योंकि उनके राजस्व पर महामारी का प्रभाव कम पड़ा (सारणी 2ए)।

ब्याज

- वर्ष के दौरान सभी क्षेत्रों में ब्याज की लागत में कमी दर्ज़ हुई (सारणी 2ए)।
- विनिर्माण कंपनियों का ब्याज कवरेज़ अनुपात (आइसीआर)[1] जो पिछले वर्ष 4.3 था, 2020-21 में न्यून ब्याज व्यय और लाभ में वृद्धि के कारण बढ़कर 5.0 हो गया; गैर-आईटी सेवा कंपनियों के लिए आईसीआर यूनिटी स्तर से नीचे रहा (सारणी 2बी)।

लाभ

- उत्पादन में मंदी के बावजूद विनिर्माण कंपनियों द्वारा व्ययों में की गई बचत से 2020-21 के दौरान उनके निवल लाभ में 23.0 प्रतिशत का विस्तार हुआ; आइटी कंपनियों के निवल लाभ में भी वृद्धि हुई जबकि वर्ष के दौरान सेवा (गैर- आइटी) कंपनियों ने हानि दर्ज़ की (सारणी 2ए)।
- विनिर्माण और आइटी कंपनियों के निवल लाभ मार्जिन में वृद्धि हुई और गैर-आइटी सेवा कंपनियों के लिए यह ऋणात्मक क्षेत्र में रुका रहा (सारणी 2बी)।

सारणियों की सूची

सारणी सं.		शीर्षक	
1	क	सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन	वृद्धि दर
	ख		चयनित अनुपात
2	क	सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन – क्षेत्र-वार	वृद्धि दर
	ख		चयनित अनुपात
3	क	चुकता पूंजी के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन	वृद्धि दर
	ख		चयनित अनुपात
4	क	बिक्री के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन	वृद्धि दर
	ख		चयनित अनुपात
5	क	उद्योग के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन	वृद्धि दर
	ख		चयनित अनुपात
व्याख्यात्मक टिप्पणियां			
शब्दावली			

[1] आइसीआर (अर्थात,ब्याज व्यय के लिए ब्याज और कर चुकाने से पूर्व का अर्जन अनुपात) का अर्थ है-किसी कंपनी का ऋण चुकाने की क्षमता की माप. एक अर्थक्षम आइसीआर का न्यूनतम मूल्य 1 है।

टिप्पणी:

- डेटा के संकलन के लिए कार्यप्रणाली वाले व्याख्यात्मक नोट, और शब्दावली (पुनरीक्षित परिभाषाएँ और गणनाएं जो पिछले रिलीज़ से अलग हैं) अंत में दी गई हैं।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/651